ओजोन परत के क्षरण को रोकने के लिए आमजन को जागरूक करना होगा : सावल

बीकानेर, (कासं)। राष्ट्रीय उष्ट्र अनुसंधान केन्द्र में ओजोन परत, इसका क्षरण और जीवों पर प्रभाव लेयर, इट्स डिप्लीशन एण्ड इम्पेक्ट ऑन लिविंग बींगस् विषयक दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का मंगलवार को समापन हुआ।

नेशनल एनवॉयरमेंटल साइंस अकादमी (नेसा), नई दिल्ली द्वारा एनआरसीसी सहित अन्य विभिन्न संस्थानों के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस राष्ट्रीय सम्मेलन में देश के विभिन्न प्रान्तों उत्तरप्रदेश, दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान आदि राज्यों के प्रतिभागियों ने इस आयोजन के माध्यम से अपने अनुसंधान कार्यों को प्रस्तुत किया।

समापन समारोह के मुख्य अतिथि प्रो. राजेन्द्र पुरोहित, प्राचार्य, राजकीय डूंगर महाविद्यालय बीकानेर ने कहा कि ओजोन परत, इसका क्षरण, और जीवों पर इससे पड़ने वाले प्रभाव पर गहन चिंतन व मनन नितांत आवश्यक है। ओजोन परत की सुरक्षा को एक नैतिक कार्य के रूप में लिया जाना चाहिए। प्रो. पुरोहित ने पर्यावरण संतुलन हेतु पौधरोपरण पर जोर देते हुए कहा कि देश में अनेक औषधीय जड़ी बूटियां व पौधे हैं जो हमारी धरोहर है। इन पर शोध कार्य किया जाना चाहिए।



ओजोन परत पर आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन के समापन समारोह को डॉ राजेन्द्र पुरोहित ने सम्बोधित किया।

कार्यक्रम संयोजक व केन्द्र निदेशक डॉ. आर. के. सावल, निदेशक एनआरसीसी बीकानेर ने कहा कि ओजोन परत के दुष्प्रभाव से बचने के लिए हमें क्लाईमेंट रेसीलियंट उत्पादकता पर काम करना होगा। उन्होंने सतत कृषि उत्पादकता पर जोर देते हुए कहा कि सम्मेलन के माध्यम से विशेषज्ञों द्वारा कृषि, फसलों के उत्पादन, पर्याप्त वर्षा, प्राकृतिक आपदाएं तथा पर्यावरण संतुलन आदि विविध पहलुओं पर गहन विचार-विमर्श किया गया।

सम्मेलन के निष्कर्षों एवं सुझावों के आधार पर ओजोन परत के क्षरण को रोकने एवं आमजन में इसके प्रति जागरूकता लाने की दिशा में यह निश्चित रूप से मददगार साबित हो सकेगा। डॉ. सावल ने ऊंट को एक एनवॉयरमेंट फ्रेंडली पशु मानते हुए इसका पालन समग्र मानवता के हित में किए जाने की बात कही।

इस अवसर पर अतिथि केन्द्रीय शुष्क बागवानी संस्थान, बीकानेर के निदेशक डॉ. जगदीश राणे ने ओजोन परत के निर्माण, विघटन एवं उसके प्रभावों पर विस्तृत प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि अब ऐसे उपकरण उपलब्ध है जिनके माध्यम से हम अपने घरों में लघु रूप से

- **समापन कार्यक्रम में बेस्ट ऑरल प्रजेंटेशन एवं बेस्ट पोस्टर प्रजेंटेशन के विजेताओं को अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया गया**

ओजोन का निर्माण कर सकते हैं, जिनका उपयोग चिकित्सीय कार्यों में भी होता है। नेशनल एनवॉयरमेंटल साइंस अकादमी (नेसा), नई दिल्ली के प्रतिनिधि व कार्यक्रम विशिष्ट अतिथि डॉ. संदीप कुमार, कृषि वैज्ञानिक, भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, नई दिल्ली ने नेसा संस्था के उद्देश्य पर प्रकाश डाला तथा इस आयोजन को सार्थक बताया।

समापन कार्यक्रम से पूर्व आमंत्रित विषय विशेषज्ञों द्वारा अपने लीड पेपर प्रस्तुत किए। साथ ही ओजोन परत के प्रबंधन एवं पुन:स्थापन पर गहन विचार किया गया तथा इस आधार पर एक अनुशंसा नोट तैयार किया गया।

समापन कार्यक्रम में बेस्ट ऑरल प्रजेंटेशन एवं बेस्ट पोस्टर प्रजेंटेशन के विजेताओं को अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया गया।

राज्य स्तर पर तीन खिलाड़ियों का चयन

बीकानेर, (कासं)। 68 वीं राज्य स्तरीय गर्ल्स स्कूल फुटबॉल प्रतियोगिता में मास्टर बच्ची क्लब की तीन खिलाड़ियों का चयन हुआ।

सचिव भरत पुरोहित ने बताया कि पिछले एक साल से मास्टर बच्ची क्लब में गर्ल्स फुटबॉलर को भी प्रक्षिक्षण दिया जा रहा है। जिसमें प्रैक्टिस कोच बुंदेला सिंह, देवेंद्र पुरोहित, विनोद जागा, आशीष किराडू, कालू भा द्वारा लगातार प्रेक्टिस करवाई जा रही है। जिसके परिणामस्वरूप पहले साल में ही स्कूली प्रतियोगिता में जिला स्तर पर 16 से अधिक बच्चियों ने भिन्न-2 स्कूलों से भाग लिया एवं उनमें से तीन खिलाड़ियों का चयन राज्य स्तर पर हुआ।

क्लब के खिलाड़ी अनिल छंगाणी, दिनेश किराडू ने बताया कि क्लब से निधि स्वामी, दीपा व्यास, रितिका जोशी का चयन राज्य स्तर प्रतियोगिता में हुआ है। बच्ची क्लब के सीनियर खिलाड़ी यश, अभिषेक पुरोहित, राधे ओझा, जुनेद, अजान, दीपांशु, शेखर बिहारी, कृष्णा पारीक, प्रद्युमन ओझा, मनन राठी, आरुष बिश्नोई, विशेष चांडक, लक्ष्य पेड़ीवाल, यश ओझा, मितेश ओझा, अम्बिका ओझा, जयश्री, रितिका, साक्षी, मीनाक्षी, प्रतिज्ञा, निधि थानवी आदि ने शुभकामनाएं दी। संस्था के सुनील बांठिया एंव शिवाजी आहूजा ने स्कूली प्रशासन, क्रीड़ा संगम का धन्यवाद ज्ञापित किया।

सार-समाचार

होनहारों को सम्मानित किया

समता सेवा केन्द्र द्वारा प्रतिभावान छात्रों का सम्मानित किया।

बीकानेर, (कासं)। समता सेवा केन्द्र के तत्वावधान में महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय, गीगासर के प्रांगण में एक लाख रुपये की लागत से सीमेंट के ब्लॉक्स लगवाये गए। इस अवसर पर विद्यालय प्रमुख विनोद सिंह ने डॉ एस. सी. मेहता, प्रभागाध्यक्ष, राष्ट्रीय अश्व अनुसंधान केन्द्र, बीकानेर एवं सुरेन्द्र जैन प्रमुख व्यवसायी एवं देशराज गख्खड़ का अतिथि के रूप में स्वागत किया। देशराज गख्खड़ को उनके द्वारा किए गए आर्थिक सहयोग के लिए शाला परिवार एवं जन प्रतिनिधियों की तरफ से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर डॉ मेहता ने अपने उद्बोधन में कहा कि समता सेवा केन्द्र, शिक्षा में सहयोग की भावना को सर्वोपरि मनाता है एवं उसी के अंतर्गत इस विद्यालय में यह चौथा -पांचवा कार्यक्रम है। उन्होंने छात्रों को शिक्षा में आगे बढ़कर उन्नति पाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बच्चों को स्वस्थ प्रतिस्पर्धा कर नए मुकाम हांसिल करने का आव्हान किया। इस अवसर पर इंजीनियर राजेन्द्र बैस द्वारा उनके पिताजी स्व. ठाकुर रावत सिंह बैस एवं आशालता बैस की स्मृति में प्रारंभ की गई स्कॉलरशिप के तहत आज चौथी किश्त के रूप में कक्षा एक से आठवीं तक प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रत्येक विद्यार्थी को 2100 रूपये प्रदान किए गए। इस अवसर पर सुरेन्द्र जैन ने कहा कि इस विद्यालय की तरक्की देखकर मन को संतोष मिलता है। इस अवसर पर देश राज गख्खड़ ने बच्चों को आशीर्वाद दिया एवं आगे भी सहयोग का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में समता सेवा केंद्र की तरफ से विद्यालय के विकास हेतु 11000 रूपये की राशि देने की घोषणा भी की। विद्यालय के विकास हेतु वरिष्ठ शिक्षिका केशर जैन का विशेष प्रयास रहा। इस अवसर पर केशर जैन, बबिता शर्मा, अनिता यादव, सीताराम कस्वा, सुरेंद्र सिंह, महेश कृष्णिया, मांगीलाल खुराव, सुभाषचंद्र सिंगड़, गांव के सरपंच, पूर्व सरपंच, अभिभावक एवं समाजसेवी मौजूद थे।

10 घरेलू सिलेंडर जब्त

रसद विभाग की टीम ने अवैध रिफिलिंग की शिकायत पर मोनू कार वाशिंग सेन्टर में10 घरेलू सिलेंडर जब्त किए।

बीकानेर, (कासं)। घरेलू गैस सिलेंडर को अवैध रूप से वाहनों में रिफिलिंग करने एवं इनके दुरूपयोग की शिकायत पर जिला कलेक्टर (रसद) द्वारा गठित प्रवर्तन जांच दल ने मंगलवार को जयपुर रोड स्थित सुभाष पेट्रोल पम्प के पास स्थित एक कार वाशिंग सेंटर के विरूद्ध कार्यवाही की। जिला रसद अधिकारी भागूराम महला ने बताया कि मोनू कार वाशिंग सेन्टर के बाड़े में 10 घरेलू सिलेंडर, दो इलेक्ट्रोनिक कांटे व चार गैस रिफिलिंग मशीनें जब्त की गई। प्रवर्तन अधिकारी पवन सुथार व प्रवर्तन निरीक्षक प्रखर भार्गव ने घरेलू गैस सिलेंडरों का व्यावसायिक उपयोग करने पर राकेश कुमार पुत्र सतबीर के विरूद्ध कार्यवाही की। जिला रसद अधिकारी ने बताया कि घरेलू गैस सिलेंडरों से वाहनो में अवैध रिफिलिंग किए जाने पर संबंधित के विरूद्ध द्रवीकृत पेट्रोलियम गैस (वितरण व आपूर्ति विनियमन) आदेश 2000 का उल्लंघन करने पर कार्यवाही की गई। कार्यवाही के दौरान जब्त की गई सामग्री को खतूरिया कॉलोनी में स्थित जश्मान एचपी गैस एजेंसी को सुपुर्द कर गोदाम में सुरक्षित भण्डारण करवाया गया।

शिक्षा क्षेत्र में सम्मानित किया

श्रीगंगानगर, (कासं)। नागपाल चैरिटेबल ट्रस्ट के तत्वावधान में हिन्दी दिवस पखवाड़े के अन्तर्गत जवाहरनगर स्थित महाराजा अग्रसेन विद्या मंदिर के हॉल में शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. अश्विनी नागपाल ने की। कार्यक्रम में अतिथि अतिथि डॉ. रामप्रकाश शर्मा, मुकेश मल्होत्रा, रोशनलाल कामरा, डॉ. अरूण वत्स, डॉ. अमित सिंगला, डॉ. हरीश कंसल, डॉ. पवन पारीक, डॉ. विनोद गुप्ता व प्रोफेसर राजेन्द्र लोहिया थे। कार्यक्रम में ट्रस्ट के पदाधिकारियों एवं अतिथियों द्वारा डॉ. पूनमलता मिड्ढा, डॉ. पंकज लता, निधि कामरा, गुरसेवक सिंह, नरेश कुमारी, नौरंग कुमार, पूजा लड्ढा, कविता पारीक, मोनिका झांब, रमनजीत सिंह, कमलजीत सिंह, नरायण सिंह, भावना शर्मा, पुष्पा रावत आदि को तिलक लगाकर, माला पहनाकर व सम्मान प्रतीक भेंटकर शिक्षा के प्रति इनकी सराहनीय सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया।

पुलिस ने एफएसएल जांच कराए बिना ही एफआर लगा दी!

बीकानेर,(कासं)। कूटरचित दस्तावेजों के मामलों की जांच में पुलिस की बड़ी लापरवाही सामने आई है। दो प्रकरणों में पुलिस ने एफएसएल की जांच कराये बिना ही कोर्ट में एफआर पेश कर दी। अब परिवादी न्याय के लिए भटक रहे हैं।

कूटरचित दस्तावेजों के मुकदमों में पुलिस कैसे जांच करती है। इसका उदाहरण ऐसे दो केस हैं, जिनमें दस्तावेजों की एफएसएल जांच ही नहीं कराई गई। हैरत की बात ये है कि फर्जी चैक के एक प्रकरण में दो बार जांच हो गई और दोनों ही बार एसपी ने भी पत्रावली की विवेचना किए बिना एफआर के आदेश कर दिए।

बाद में एसपी ने कोर्ट से पत्रावली लेकर चैक की एफएसएल जांच के लिए लिखा, लेकिन आईओ अब तक कोर्ट में हाजिर नहीं हुई। इसी प्रकार एक अन्य मामला यूआईटी से जुड़ा हुआ है, जिसमें डीटीपी के फर्जी साइन से बेशकीमती जमीन हथियाने का आरोप है।

गौरतलब है कि पुलिस की गलत तफ्तीश के कारण एक आरोपी बुजुर्ग

- **महिला का चैक चुराकर उसके फर्जी साइन से 2.80 लाख रूपए अंकित किए और कोर्ट में चैक बाउंस का मुकदमा कराने का मामला**

को 43 दिन जेल में रहना पड़ा था। चार साल केस चला। मामला 50-50 लाख के दो फर्जी चैक का था। जिसकी एफएसएल जांच कराये बिना ही पुलिस ने चालान पेश कर दिया। इसे लेकर क्रॉस केस दर्ज हुए थे। देशनोक थाने में 27 अप्रैल 23 को अंबिका सोनी ने मुकदमा दर्ज कराया कि गजेंद्र कुमार ने चैक चुराकर उसके फर्जी साइन से 2.80 लाख रूपए अंकित किए और कोर्ट में चैक बाउंस का मुकदमा कर दिया। उसे फोन पर एक और मुकदमा करने की धमकी दी। महिला ने उसका ऑडियो भी पुलिस को सौंप दिया। मामले की जांच रामस्वरूप एएसआई को सौंपी गई, लेकिन पांच महीने तक जांच ही नहीं करने पर नोखा सीओ संजय बोथरा ने कारण बताओ नोटिस जारी कर दिया।

आईओ ने जांच कर 26 दिसम्बर को मुकदमे में एफआर अदम वकू (सिविल नेचर) लगा दी। जबकि कोर्ट से ना तो चैक लिया और ना ही उसकी एफएसएल से जांच कराई। ऑडियो मैसेज तक का अनुसंधान नहीं किया। परिवादिया के धमकी के आरोपों ही मिथ्या बता दिया। इसका पता चलने पर अंबिका ने आईजी को परिवाद दिया। इस पर एएसपी ग्रामीण प्यारेलाल शिवराण ने दुबारा जांच करने के आदेश देशनोक एसएचओ को दिए कि चैक की एफएसएल जांच कराने के बाद ही नतीजा कोर्ट में पेश करें। लेकिन एसएचओ सुमन शेखावत ने इस आदेश की अनेदखी की। चैक की एफएसएल जांच कराए बिना ही 9 अप्रैल 24 को कोर्ट में एफआर पेश कर दी। अंबिका फिर एसपी के पास पहुंची। तब एसपी के आदेश पर एसएचओ ने पत्रावली लेने के लिए कोर्ट में आवेदन किया।

खेत मजदूरों की समस्याओं पर मंथन

श्रीगंगानगर, (कासं)। पंचायती धर्मशाला में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें खेत मजदूरों की समस्याओं पर मंथन किया गया तथा खेत मजदूरों की हितों की रक्षा के लिए एकजुटता का संकल्प लिया गया।

कार्यशाला में रामेश्वर, बीएम स्वामी, रामरतन बगडिया, दुर्गा स्वामी की अध्यक्षता में आयोजित कार्यशाला को सीपीआईएम की केन्द्रीय कार्यकारिणी के सदस्य और खेत मजदूर यूनियन के राष्ट्रीय सचिव विक्रम ने संबोधित किया। वक्ताओं ने जनवाद और संविधान, जनता की जनवादी क्रांति, भूमिहीन के मुद्दे और सरकार की नीतियां, सर्वहारा वर्ग की एक जुटता, किसान और खेत मजदूरों के आपसी संबंध, धर्म की आड़ में सांप्रदायिकता फैलाकर राष्ट्रीय अखंडता को खतरा, साम्राज्यवाद को बढ़ावा देने वाली देश की सरकारों की नीतियां, नरेगा और खेत मजदूरों में शिक्षा का अभाव, दलितों पर बढ़ते जातिगत हमले, मुद्दों पर विस्तार से चर्चा के बाद प्रतिनिधियों में से साथियों ने सवाल पूछे।

करोड़ों की सड़क छह महीने में ही उखड़ी

बीकानेर, (कासं)। म्यूजियम तिराहे से हल्दीराम प्याऊ तक करीब पांच किमी जयपुर रोड को सिक्सलेन बनाने में सरकार ने 18.72 करोड़ रूपए खर्च किए गए। सड़क 6 महीने में ही सड़क टूट गई।

हल्दीराम प्याऊ तक सड़क पर कई जगह गड्ढे हो गए है। पानी निकास के लिए जो नाला बनना था वो अब तक नहीं बना। डिवाइडर पर मैथेमेटिक्स और साइंस के मॉडल बनने थे वो भी अधूरे हैं। रैलिंग का नामोनिशान तक नहीं है। इस रोड की चौड़ाई पहले 7-7 मीटर थी। जयपुर रोड बीकानेर का प्रमुख मार्ग है। यातायात का दबाव अधिक होता है। इस कारण एक्सीडेंट की घटनाएं बढ़ने लगीं तो पूर्ववर्ती अशोक गहलोत सरकार ने इस पर सिक्स लेन बनाने के लिए 18.72 करोड़ रूपए मंजूर किए। यूआईटी ने टेंडर से काम करा लिया। दो साल में अब तक हाईवे की जो मूल डीपीआर बनी थी, उसका स्वरूप नहीं आ सका।

म्यूजियम तिराहे से हल्दीराम प्याऊ तक की जयपुर रोड की चौड़ाई दोनों अब 10.5-10.5 मीटर कर दिया। सड़क बना भी दी। हल्दीराम

- **सड़क का लेवल सही नहीं रखा जहां लेवल डाउन था वहां बारिश का पानी भरा और सड़क टूट गई**

प्याऊ से कुछ दूरी पर तो दोनों ओर नाला बनाया लेकिन बाकी अधूरा छोड़ दिया। म्यूजियम सर्किल से जब जयपुर की ओर बढ़ने पर सड़क पर इतना उतार-चढ़ाव है कि कार झूलने लगती है। कारण यह कि सड़क का लेवल सही नहीं रखा। जहां लेवल डाउन था वहां बारिश का पानी भरा और सड़क टूट गई। डीपीआर में बरसाती पानी निकालने के लिए डेढ़-डेढ़ मीटर का नाला भी बनना था जो अब तक कागजों में ही हैं। सड़क के बीच में डिवाइडर पर मैथमेटिक्स और साइंस के मॉडल लगाने थे जो धरातल पर अब तक नजर नहीं आए। डिवाइडर के दोनों ओर रैलिंग लगा सौन्दर्यीकरण कराया जाना था, वह भी नहीं किया गया।

'ज्यादा सदस्य बनाने वालों को मिलेगा बड़ा दायित्व'

श्रीगंगानगर, (कासं)। भाजपा की सदस्यता अभियान की हुई जिला समीक्षा बैठक अभियान की प्रगति की समीक्षा गई। बैठक में बिहार के पार्टी कोषाध्यक्ष राकेश तिवारी ने कहा कि जो पदाधिकारी व कार्यकर्ता ज्यादा संख्या में सदस्य बनायेगा, उसे बड़ा दायित्व दिया जायेगा।

तिवारी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्म दिवस व भाजपा के संस्थापक सदस्य दीनदयाल उपाध्याय के जन्म दिवस पर ज्यादा संख्या में सदस्य बनाए जाएं। जिलाध्यक्ष शरणपाल सिंह ने कहा कि जिले की सभी 6 विधान सभा क्षेत्र के सदस्यता अभियान पर्व के मंडल संयोजक काम कर रहे हैं। जिले में निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप 3.50 लाख सदस्य बनाए जायेंगे। जिला प्रभारी अनिल शुक्ला ने कहा कि हमें जिले के हर कोने कोने में अपने पुराने सदस्यों एवं नए युवा सदस्यों तक पहुंचना है। प्रदेश मंत्री विजेंद्र पूनिया ने कहा हर वर्ग को सदस्यता अभियान में शामिल किया जा रहा है। लोग पार्टी के साथ जुड़ रहे हैं। बैठक में जिला प्रमुख कविता रैगर, जिला संयोजक रतन गणेशगढिया, सह संयोजक जसकरण सरां, जिला प्रवक्ता पवन शर्मा, शिव स्वामी, मुख्तार सिंह, संजीव सैनी मौजूद थे।

बदले हुए मार्ग पर चलेगी मदुरै-बीकानेर ट्रेन

बीकानेर, (कासं)। दक्षिण रेलवे द्वारा मदुरै मंडल पर पंगुदी-तिरूच्चिराप्पल्लि स्टेशनों के मध्य ब्रिज संख्या 1142 ए और 1143 ए के मध्य तकनीकी कार्य के लिए ब्लॉक लिया जा रहा है। इस कार्य के कारण रेल यातायात प्रभावित रहेगा। उत्तर पश्चिम रेलवे के सीपीआरओ ने बताया कि पंगुदी-तिरूच्चिराप्पल्लि स्टेशनों के मध्य ब्रिज संख्या 1142 ए और 1143 ए के मध्य तकनीकी कार्य के कारण उत्तर पश्चिम रेलवे पर संचालित गाड़ी संख्या 22631 मदुरै-बीकानेर एक्सप्रेस रेलसेवा 26 सितम्बर और 3 अक्टूबर को मदुरै से रवाना होगी।

कस्बे में हो रही चोरी के अंतर्राज्यीय गैंग के तीन आरोपी गिरफ्तार

बीदासर, (निसं)। राष्ट्रदूत के अंक में कस्बे में हुई चोरियों की घटना को लेकर प्रकाशित हुए समाचार के बाद पुलिस प्रशासन हरकत में आया प्रकाशित खबर के 48 घंटों के भीतर ही पुलिस ने कस्बेवासियों के सहयोग से तीन चोरों को मंगलवार की सुबह 5 बजे नकबजनी की घटना को अंजाम देने की कोशिश करते हुए धर दबोचा। जिला पुलिस अधीक्षक जय यादव ने चोरी की घटना को गंभीरता से लेते हुए चोरी व नकबजनी के प्रकरणों को ट्रेस करने एवं रोकथाम के निर्देश के बाद थानाधिकारी कैलाश चंद्र यादव के नेतृत्व में थाना की रात्रि गश्त के अलावा निजी वाहनों व दुपहिया वाहनों से अतिरिक्त जाब्ता लगाकर कस्बे के गली मोहल्लों में प्रभावी गश्त की गई। गश्त के दौरान मंगलवार की प्रात: एक मोटर साइकिल पर सवार तीन व्यक्ति दिखाई दिए। पुलिस द्वारा मोटर साइकिल को रोकने का इशारा करने पर उक्त तीनों व्यक्ति मौके पर तेज गति के साथ गांव की तरफ भागने लगे। तो पुलिस ने उनका पीछा किया। इस दौरान एचसी रमेश कुमार ने कार का शीशा खोलकर पुलिस बताकर रुकने का इशारा किया, तो उक्त व्यक्ति नही रूके। कार को मोटर साइकिल के बराबर में लिया तो पीछे बैठे व्यक्ति ने एचसी रमेश को मारने के उद्धेश्य से लोहे की पाइप की मारी लेकिन दूरी होने के कारण चोट नही लगी। एचसी रमेश को उक्त तीनों व्यक्तियों को चोर होने का संदेह पक्का होने पर उनका पीछा करते हुए गांव घंटियाल व दूंकर तक पीछा किया, तथा पुलिस थाना से अतिरिक्त पुलिस जाप्ता बुलाया, तथा कांस्टेबल अशोक कुमार ने स्थानीय सोशल मीडिया पर संदेश देकर व आस पास के गांव के जागरूक लोगो को फोन पर सूचना दी। तो सूचना मिलने पर कस्बे के जागरूक नागरिक भी पुलिस के साथ तीनों व्यक्तियों को पकड़ने के लिए चारों तरफ से घेराबंदी कर ली। उसके बाद तीनों व्यक्तियों की मोटर साइकिल घंटियाल रोड़ पर स्लीप होकर गिर गई।

भाजपा नेताओं ने केक काटकर मनाया प्रधानमंत्री मोदी का 74 वां जन्मदिन

बीकानेर, (कासं)। भारतीय जनता पार्टी शहर जिलाध्यक्ष विजय आचार्य की अध्यक्षता में मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का 74 वां जन्मदिन पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ केक काटकर मनाया।

सदस्यता अभियान समीक्षा बैठक जिला कार्यालय में रखी गई जिसमे बिहार भाजपा कोषाध्यक्ष व बिहार क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष राकेश तिवाड़ी, बीकानेर संगठन प्रभारी दशरथ सिंह शेखावत उपस्थित थे। राकेश तिवाड़ी ने जिला पदाधिकारियों, प्रभारियों, मंडल अध्यक्षों, मोर्चा अध्यक्षों से अब तक बने सदस्यों के बारे में जानकारी ली और किस तरह इस अभियान को और गति दी जा सके उसको लेकर मार्गदर्शन दिया।

दशरथ सिंह शेखावत ने बूथ स्तर पर ज्यादा से ज्यादा सदस्य बने इसको लेकर रणनीति बनाने की बात कही और प्रत्येक बूथ पर 200 से ज्यादा सदस्य बनाने को लेकर सुझाव दिए। शहर जिलाध्यक्ष विजय आचार्य ने अब तक

बीकानेर में शहर जिलाध्यक्ष विजय आचार्य के साथ भाजपा नेताओं ने संभाग कार्यालय में केक काटकर प्रधानमंत्री मोदी का जन्मदिन मनाया।

की सरंचना और सदस्यता अभियान के आंकड़े पेश किए और कहा बीकानेर शहर को प्रदेश नेतृत्व द्वारा जो भी आंकड़ा दिया गया है, उससे अधिक सदस्य बनाने का भरोसा जताया।

आज की बैठक में महामंत्री मोहन सुराणा, श्यामसुंदर चौधरी, नरेश नायक, उपाध्यक्ष हनुमान सिंह चावड़ा, आनंद सिंह भाटी, विजय उपाध्याय, जितेंद्र रजवी, मंत्री मनीष सोनी, सांगीलाल गहलोत, इंद्रा व्यास, भारती अरोड़ा, गोपाल गहलोत, कुणाल

- **प्रभारियों, मंडल अध्यक्षों, मोर्चा अध्यक्षों से अब तक बने सदस्यों के बारे में जानकारी ली**

कोचर, महावीर रांका, भूपेन्द्र शर्मा, नारायण चौपड़ा, मुकेश ओझा, अभय पारीक, चंद्रप्रकाश गहलोत, अजय खत्री, कपिल शर्मा, कमल आचार्य, विनोद करोल, जेठमल नाहटा, सोहन चांवरिया, पुखराज स्वामी, दिनेश महात्मा, मुकेश पंवार, इंद्र ओझा, अशोक मीणा, अंकुश चोपड़ा, श्याम सिंह हांडला, अनिल शुक्ला, सलीम जोईया उपस्थित थे।

वहीं महाराजा अग्रसेन जयंती और आयोजित कार्यक्रमों की तैयारी के लिए अग्रवाल सेवा समिति के महिला प्रकोष्ठ की एक बैठक संपन्न हुई।

सादुलशहर विधायक ने सफाई कर दिया स्वच्छता का संदेश

श्रीगंगानगर,(कासं)। भारत सरकार द्वारा स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत चलाये जा रहे स्वच्छता ही सेवा अभियान 'स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता' की थीम के अन्तर्गत मंगलवार को सादुलशहर विधायक गुरवीर सिंह बराड़ द्वारा सादुलशहर में भीमराव अम्बेडकर चौक पर स्थापित मूर्ति की सफाई कर माल्यार्पण किया।

कार्यक्रम में विधायक बराड़ ने आमजन को स्वच्छता ही सेवा अभियान की जानकारी देते हुए सभी से घर और अपने आसपास सफाई व्यवस्था बनाए रखने व गीले, सूखे कचरे को अलग-अलग डालने का आव्हान किया। इस अवसर पर विधायक के नेतृत्व में उपखण्ड अधिकारी रवि कुमार, ईओ राकेश कुमार अरोड़ा, सुरेन्द्र कुमार मीणा, गिरीश चावला, अमरनाथ अग्रवाल, पवन कुमार, पार्षदगण, गणमान्यजन, नगर पालिका कर्मचारी, शहरी नरेगा योजना के श्रमिकों द्वारा स्वच्छता की शपथ लेते हुए अभियान का आगाज किया गया।

- **विधायक गुरवीर सिंह बराड़ ने सादुलशहर में अम्बेडकर चौक पर स्थापित मूर्ति की सफाई कर माल्यार्पण किया**

इसके साथ ही स्वच्छता रैली का भी आयोजन किया गया। शपथ के बाद विधायक के नेतृत्व में बस स्टैण्ड की साफ-सफाई कर श्रमदान करते हुए अतिथियों द्वारा अभियान के तहत हस्ताक्षर किये गये। इस अवसर पर बस स्टैण्ड स्थित श्री अन्नपूर्णा रसोई का अतिथियों द्वारा निरीक्षण भी किया गया।

गणेश प्रतिमा का विसर्जन : बीकानेर में जोशीवाड़ा स्थित हनुमान मंदिर में चल रहे गणेश महोत्सव समारोह के अंतिम दिन आज अनंत चतुर्दशी के अवसर पर भगवान श्री गणेश का पूजा अर्चना की गई।

इस अवसर पर जोशीवाड़ा मोहल्ले के सैकड़ों महिलाएं पुरूष एवं बच्चे उपस्थित थे। आरती के अवसर पर पूर्व पार्षद एवं हनुमान मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष प्रेमरतन जोशी बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष संतोष जोशी, गौरीशंकर व्यास अंतर्राष्ट्रीय साइकिलिस्ट रामकुमार जोशी, शिक्षाविद सोहनलाल जोशी, अशोक थानवी, रामेश्वर जोशी, रमेश आचार्य, चाणक्य हर्ष, दिनेश आचार्य, राजेश आचार्य, हरिकिशन जोशी, रविन्द्र जोशी, राजेन्द्र जोशी, गिरधर जोशी सहित अनेक युवा भी उपस्थित थे। महा आरती के अवसर पर प्रेमरतन जोशी एवं संतोष जोशी के सानिध्य में भगवान गणपति के 1101 लड्डुओं का भोग मित्रों के साथ लगाया गया उसके बाद भगवान गणपति को गणपति बप्पा मोरया के साथ मोहल्ले के बड़े बुजुर्ग एवं बच्चों ने देवीकुंड सागर तालाब के बाहर भगवान गणपति की पूजा अर्चना कर विसर्जन किया।

इस अवसर पर गणपति बप्पा मोरया अगले बरस तू जल्दी आ के नारों से गूंजायमान हो गया।